## संपादकीय

# ऐतिहासिक जीत

टीम इंडिया ने ऑस्ट्रेलिया को टेस्ट मैचों की सीरीज में मात देकर इतिहास रच दिया है। दोनों देशों के क्रिकेट रिश्तों के कुल 72 सालों में भारत ने ऑस्ट्रेलियाई धरती पर पहली बार कोई टेस्ट सीरीज जीती है। इस तरह दक्षिण अफ्रीका और इंग्लैंड के अपेक्षाकृत कमजोर प्रदर्शनों के बाद विराट कोहली की अगुआई वाली भारतीय ि केट टीम ने साबित किया कि विदेशी धरती पर अपना दबदबा कायम करने का माद्दा भी उसमें है। भारत ने एडिलेड में पहला टेस्ट मैच 31 रनों से जीता, जबकि पर्थ में हुए दूसरे टेस्ट में ऑस्ट्रेलिया ने भारत को 146 रनों से हरा दिया। फिर मेलबर्न में भारत ने शानदार वापसी की और कंगारुओं को 137 रनों से मात देकर टेस्ट सीरीज में 2-1 से बढ़त बना ली। सिडनी में चौथा टेस्ट ड्रॉ जरूर रहा पर बारिश न होती तो इस मैच में भारत की जीत तय थी।

ऑस्ट्रेलिया को न सिर्फ अपने घर में 31 साल बाद फॉलोऑन खेलने के लिए मजबूर होना पड़ा बल्कि भारत के हाथों सीरीज भी गंवानी पड़ी। भारतीय टीम एक परिपक्व टेस्ट टीम की तरह खेलती नजर आई। उसने अपनी कई बुनियादी गलतियां सुधारीं और हर विभाग में अपनी चमक दिखाई। उसने जरूरत के हिसाब से परिवर्तन किए और जिन खिलाड़ियों को आजमाया उन्होंने अच्छा प्रदर्शन किया। जैसे, ओपनिंग भारत के लिए समस्या बनी हुई थी, जो मयंक अग्रवाल के आने से काफी कुछ हल हो गई। मिडल ऑर्डर में खूंटा गाड़कर खेलनेवाले बल्लेबाज की कमी चेतेश्वर पुजारा ने दूर कर दी और वह मैन ऑफ दि सीरीज बने। इसी तरह ऋषभ पंत ने भी समय के अनकूल तोड़ू बल्लेबाजी की। भारतीय गेंदबाजों को अक्सर घर के ही शेर कहा जाता है। बाहर उनका कोई खौफ नहीं होता, खासकर तेज गेंदबाजों का। लेकिन इस बार भारत के तेज गेंदबाजों के सामने ऑस्ट्रेलियाई बल्लेबाजों की कंपकंपी छूटती नजर आई। जसप्रीत बुमराह ने लगातार 140 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से सटीक गेंदबाजी की। उनका यूनीक ऐक्शन ऑस्ट्रेलिया के लिए पहेली बना रहा। मोहम्मद शमी ने भी कई अहम मौकों पर विकेट निकाले।

शुरू की दो उछाल भरी पिचों पर इशांत ने अपने कद का अच्छा फायदा उठाया। स्पिनरों में रवींद्र जडेजा ने और मौका मिलने पर कुलदीप यादव ने भी शानदार गेंदबाजी की। कप्तान विराट कोहली ने बतौर कप्तान एक बार फिर खुद को साबित कर दिया और मैदान पर अपनी सूझबूझ का बेहतर इस्तेमाल किया। एडिलेड में जीत के बाद जब टीम इंडिया ने दूसरा मैच गंवा दिया था तो कोहली की कप्तानी पर सवाल खड़े किए गए। लेकिन तीसरे टेस्ट में जब भारत ने शानदार वापसी की तो आलोचकों का मुंह बंद हो गया। इस सीरीज से भारत ने एक विश्वविजयी टेस्ट टीम की झलक दिखाई है, हालांकि थोड़ा अफसोस इस बात का है कि हमें अपने टेस्ट क्रिकेटर्स को इसी तरह खेलते देखने का अवसर निकट भविष्य में नहीं मिलनेवाला क्योंकि अगली टेस्ट सीरीज काफी दिनों बाद होनेवाली है।

# दवाओं की ऑनलाइन बिक्री पर रोक हटाने से हाईकोर्ट का इनकार



नई दिल्ली। दिल्ली उच्च न्यायालय ने मंगलवार को आनलाइन फार्मेसी से सीधी मंगाई जाने वाली दवा अथवा डाक्टर के पर्चे के आधार पर दवाओं की बिक्री पर लगी रोक को हटाने से इनकार कर दिया। न्यायालय ने कहा कि मामले की सुनवाई की अगली तारीख छह फरवरी तक यह रोक बनी रहेगी। केंद्र सरकार की ओर से पेश अधिवक्ता ने न्यायालय को बताया कि इस तरह की इकाइयों के लिए अभी नियम बनाए जाने हैं. मुख्य न्यायाधीश राजेंद्र मेनन तथा न्यायमूर्ति वी के राव की पीठ ने कहा, सरकार ने अपने जवाबी हलफनामे में जिस मजबूती से अपनी बात रखी है और साथ ही विभिन्न समितियों की रिपोटरें तथा यह तथ्य ध्यान में रखते हुए कि इसके लिये सांविधिक नियम अभी बनाए जाने हैं, हम अंतरिम आदेश में बदलाव नहीं करने जा रहे हैं.अदालत जहीर अहमद द्वारा दायर जनहित याचिका की सुनवाई कर रही है. इस याचिका में दवाओं की 'गैरकानूनी' आनलाइन बिक्री पर प्रतिबंध लगाने की मांग की गई है. केंद्र के अधिवक्ता ने कहा कि सरकार इस बारे में नियम बना रही है. सुनवाई के दौरान एक आनलाइन फार्मेसी ने अदालत को सूचित किया कि मद्रास उच्च न्यायालय की खंडपीठ ने दवाओं की आनलाइन बिक्री पर रोक को हटा दिया है. दवाओं की आनलाइन बिक्री करने वाली कंपनियों ने अदालत से दवाओं की आनलाइन बिक्री पर रोक हटाने की अपील करते हुए कहा कि उनके पास लाइसेंस है और वे किसी भी दवा की बिक्री गैरकानूनी तरीके से नहीं करती हैं. स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रलय के तहत स्वास्थ्य सेवा महानिदेशालय ने कहा कि अंशधारकों द्वारा जताई गई चिंता पर विचार विमर्श करने के बाद यह फैसला किया गया है कि केंद्र सरकार दवाओं की आनलाइन बिक्री के नियमनों के लिए नियामकीय ढांचा तैयार करे।

## पॉलिसी डॉक्यूमेंट- ग्राहक का मोबाइल नंबर ही बन जाएगा इंश्योरेंस नंबर




नई दिल्ली। आपके पास इंश्योरेंस प्लान है और कंपनी के पास आपने अपना मोबाइल नंबर दर्ज करा रखा है तो इंश्योरेंस कंपनी आपके पॉलिसी डॉक्यूमेंट से लेकर हर प्रकार की जानकारी आपको कॉल से या व्हाट्सएप के जरिये दे सकती हैं. मौजूदा समय में हजारों पॉलिसी धारक इसका फायदा भी उठा रहे हैं. बीमा कंपनियों ने बीमा विनियामक विकास प्राधिकरण (आईआरडीए) से मांग की है कि सभी कंपनियों के लिए मोबाइल नंबर को शामिल करने को अनिवार्य किया जाए.

# जीएसटी दर कम होने से ऐसे बढ़ जाएगी सस्ते घरों की कीमत!

चेन्नई (आरएनएस)। सरकार कई शहरों में निम्न और मध्यम आयवर्ग के लोगों के लिए सस्ते मकान पर काम कर रही है। हाउजिंग पर डिवेलपर्स के इनपुट टैक्स क्रेडिट के फायदे में बिना इजाफा किए जीएसटी घटाकर 5 फीसदी करने से इन मकानों की कीमत में इजाफा हो जाएगा। हालांकि मुंबई और दिल्ली जैसे शहरों के हाई वैल्यू अपार्टमेंट के दाम कम होंगे। इनपुट टैक्स क्रेडिट वह छूट है जो मकान बनाने में लगने वाले सामान के टैक्स पर दी जाती है।




जानकारों के मुताबिक अगर जीएसटी को घटाकर 5 फीसदी किया जाता है तो भी आईटीसी न मिलने की वजह से सस्ते मकानों की कीमत में इजाफा होगा। अगर 3,250 रुपये प्रति वर्ग फुट के हिसाब से घर खरीदा जाता है तो इसकी कुल कीमत जीएसटी (8 प्रतिशत की की दर से) 260 रुपये प्रति वर्ग फुट होगी। लेकिन जीएसटी में कटौती के बाद यह 163 रुपये रह जाएगा।

हालांकि डिवेलपर इनपुट टैक्स का बोझ भी खरीदारों पर डाल देंगे। इसलिए बायर्स पर 324 रुपये का अतिरिक्त बोझ भी पड़ेगा। इसलिए कुल मिलाकर एक वर्ग फुट पर 227 रुपये कीमत बढ़ जाएगी। इतने कम मार्जिन पर काम करने वाले डिवेलपर इस झटके को खुद बर्दाश्त नहीं कर पाएंगे। टैक्स के जानकारों का कहना है कि इनपुट टैक्स क्रेडिट के हिसाब से जीएसटी का मूलभूत रूप ही बदल जाता है। अगर कम आउटपुट टैक्स रेट की बुनियाद पर आईटीसी को नजरअंदाज किया जाता है तो जीएसटी कम होने का फायदा लोगों को नहीं मिल पाएगा।

# कार्ड टोकन से ऑनलाइन ट्रांजैक्शन, रिजर्व बैंक ने जारी की गाइडलाइन्स

मुंबई (आरएनएस)। भारतीय रिजर्व बैंक ने कार्ड लेनदेन में सुरक्षा को और मजबूत बनाने के लिहाज से नई टोकन व्यवस्था के लिए मंगलवार को दिशानिर्देश जारी किए। इनमें डेबिट और क्रेडिट कार्ड से लेनदेन भी शामिल है। इस टोकन व्यवस्था का मकसद पेमेंट सिस्टम की सुरक्षा को मजबूत करना है।



**क्या है यह सिस्टम?**

इसके तहत कार्ड के वास्तविक ब्योरे को एक यूनीक कोड टोकन से बदल दिया जाता है। पॉइंट ऑफ सेल (पीओएस) टर्मिनलों, चिक रेस्पांस (क्यूआर) कोड से संपर्क रहित भुगतान के लिए कार्ड के वास्तविक ब्योरे के स्थान पर टोकन का इस्तेमाल किया जाता है।

**अधिकृत कार्ड नेटवर्क देंगे टोकन**

केंद्रीय बैंक ने कहा कि टोकन कार्ड से लेनदेन की सुविधा फिलहाल मोबाइल फोन और टैबलेट के जरिए उपलब्ध होगी। इससे प्राप्त अनुभव के आधार पर बाद में इसका विस्तार अन्य डिवाइसेज के लिए किया जाएगा। रिजर्व बैंक ने कहा है कि कार्ड के टोकनाइजेशन और टोकन व्यवस्था से हटाने का काम केवल अधिकृत कार्ड नेटवर्क द्वारा ही किया जाएगा।

# फंड की कमी के कारण ओलिंपिक क्वॉलिफायर से हट सकता है पाकिस्तान

कराची (आरएनएस)। फंड की कमी से जूझ रहे पाकिस्तान हॉकी महासंघ (पीएचएफ) एफआईएच प्रो हॉकी लीग से हटने पर विचार कर रहा है जो 2020 ओलिंपिक गेम्स का क्वॉलिफाइंग टूर्नमेंट है। पाकिस्तान की टीम पर इससे पहले भारत में पिछले साल नवंबर-दिसंबर में हुए वर्ल्ड कप में धन की कमी के कारण भाग नहीं लेने का खतरा मंडरा रहा था।



पाकिस्तान को प्रो हॉकी लीग के पहले चरण के मैच को अर्जेंटीना के ब्यूनस आयर्स में दो फरवरी को खेलना है। इसके बाद टीम को ऑस्ट्रेलिया और न्यू जीलैंड का दौरा करना है। पाकिस्तान को इसके दूसरे चरण के मैचों के लिए यूरोप का दौरा करना है।

एक आधिकारिक सूत्र ने बताया कि पीएचएफ धन की कमी के कारण प्रो-लीग से हटने पर विचार कर रहा था और इससे अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं से पाकिस्तान को 2 साल का निलंबन झेलना पड़ सकता है। उन्होंने कहा, 'पीएचएफ ने अर्जेंटीना, ऑस्ट्रेलिया और न्यू जीलैंड में होने वाले पहले चरण के मैचों के लिए लाहौर में ट्रेनिंग कैंप लगाया है।

## टेस्ट जित के बाद वनडे सीरीज जीतकर इतिहास रच सकता है भारत

नई दिल्ली। टेस्ट सीरीज में मेजबान कंगारुओं को रौंदकर 72 साल में पहली बार इस देश में इतिहास रचने वाली टीम इंडिया की नजर अब ऑस्ट्रेलिया की धरती पर पहली बार कोई बाइलैटरल (द्विपक्षीय) वनडे सीरीज जीतने पर होगी. टीम इंडिया ने ऑस्ट्रेलिया की धरती पर 12 वनडे सीरीज खेली हैं मगर इसमें एक सीरीज को छोड़ दिया जाए तो बाकी सभी मल्टीनेशन वनडे सीरीज रहीं.



## भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच पहला वनडे मैच 12 जनवरी को खेला जाएगा

नई दिल्ली। भारतीय टीम ऑस्ट्रेलिया में टेस्ट सीरीज जीतने के बाद वनडे मैचों की तैयारी में जुट गई है. टेस्ट सीरीज के बैटिंग के सुपरस्टार चेतेश्वर पुजारा स्वदेश लौट चुके हैं. गेंदबाजी के सुपर स्टार जसप्रीत बुमराह रेस्ट कर रहे हैं. वहीं, 'हिटमैन' रोहित शर्मा और 'हेलिकॉप्टर शॉट' ईजाद करने वाले महेंद्र सिंह धोनी वनडे सीरीज के लिए ऑस्ट्रेलिया पहुंच चुके हैं. तीन मैचों की वनडे सीरीज शनिवार (12 जनवरी) को शुरू हो रही है.

# जानिए, दान करने से किन समस्याओं से मिलती ही मुक्ति



दान के माध्यम से हम धर्म का ठीक-ठीक पालन कर पाते हैं और अपने जीवन की तमाम समस्याओं से भी निकल सकते हैं. आयु रक्षा और स्वास्थ्य के लिए तो दान को अचूक माना जाता है. जीवन की अन्य समस्याओं से निजात पाने के लिए भी दान का अति विशेष महत्व है. ग्रहों की पीड़ा से मुक्ति पाने के लिए भी दान करना लाभदायक होता है. अलग-अलग वस्तुओं के दान से अलग अलग तरह की समस्याएं दूर हो जाती हैं. परन्तु बिना सोचे समझे गलत दान से काफी नुक्सान हो सकता है. अच्छे ग्रह भी बुरे परिणाम दे सकते हैं

अलग-अलग तरह के दान और उनके लाभ

अनाज का दान-

- इस दान को करने से जीवन में अन्न का अभाव नहीं होता.
- अनाज का दान बिना पकाए हुए करें तो ज्यादा बेहतर होगा.

धातुओं का दान-

- धातुओं का दान विशेष दशाओं में ही करें.
- यह दान उसी व्यक्ति को करें जो दान की गई चीज का प्रयोग करें.
- धातुओं का दान करने से आयी हुई विपत्ति टल जाती है.

वस्त्रों का दान-

- वस्त्रों का दान करने से आर्थिक स्थिति हमेशा उत्तम रहती है.
- उसी स्तर के वस्त्र दान करें, जिस स्तर के वस्त्र आप धारण करते हों.
- फटे पुराने या खराब वस्त्रों का दान कभी भी न करें.

# भारत में खेला जाएगा आईपीएल 2019, इस तारीख से होगी शुरुआत



नई दिल्ली। क्रिकेट प्रेमियों के राहत की खबर है. आईपीएल का 12वां संस्करण भारत में ही खेला जाएगा. लोकसभा चुनाव के चलते इसे देश से बाहर कराए जाने पर विराम लग गया है. इससे पहले, खबरें आ रही थीं कि लोकसभा चुनाव 2019 के दौरान आईपीएल का आयोजन देश से बाहर कराया जाएगा. पूर्व में ऐसा दो बार हो चुका है लेकिन अब इस पर से पर्दा उठ चुका है. भारतीय फैंस अपनी ही जमीन पर आईपीएल का लुत्फ उठाएंगे. बीसीसीआई ने एक प्रेस विज्ञप्ति जारी करते इसकी पुष्टि की. हालांकि फाइनल कब खेला जाएगा? इसकी तारीख अभी तय नहीं की गई. बीसीसीआई ने अपनी प्रेस रिलीज में बताया कि राज्य व केंद्र प्रशासन/ एजेंसियों से चर्चा करने के बाद आईपीएल के 12वें संस्करण का आयोजन भारत में कराने का निर्णय लिया गया. आईपीएल 2019 की शुरुआत 23 मार्च से होगी. अभी तक लोकसभा चुनाव की तारीखों का ऐलान अभी नहीं हुआ. आगे का कार्यक्रम बाद में जारी किया जाएगा।

## दलिया की बर्फी मुंह में मिठास घोले और सेहत का भी रखे ख्याल



दलिया बहुत ही पौष्टिक आहार है जो प्रोटीन, विटामिन, फाइबर, लोहा, फॉस्फोरस, मिनरल्स, पोटैशियम, मैग्नीशयम जैसे पोषक तत्वों से भरपूर है। यह हाजमा ठीक रखती है और मोटापे को कम करने में भी सहायक है। आपने दलिया की तेहरी या मीठी दलिया बनाकर खाई होगी। आइए आज दलिया की बर्फी बनाने की विधि जानते हैं। दलिया बर्फी किसी भी खास मौके पर या त्योहार पर भी बनाई जा सकती है।

सामग्री :

150 ग्राम गेहूं की दलिया
300 ग्राम दूध
100 ग्राम घी
250 ग्राम खोया
250 ग्राम चीनी
15 काजू कटे हुए
1 चम्मच चिरौंजी
7 पिस्ता कटा हुआ
1 चुटकी इलायची पाउडर

विधि : दलिया की बर्फी बनाने के लिए एक पैन में तीन चम्मच घी डालें और उसमें दलिया डालकर गोल?डन ब्राउन होने तक भून लें। इसके बाद पैन को आंच से उतारकर अलग रख लें।


एक मोटी पेंदी वाली कढ़ाही गैस पर चढ़ाएं और उसमें दूध उबालें। जब दूध में उबाल आ जाए तो मीडियम आंच पर भुनी हुई दलिया को कढ़ाही में डालें। इस मिश्रण को मध्यम आंच पर कलछी से धीरे धीरे चलाते रहें। तकरीबन 30 मिनट के बाद दूध सूख जाएगा। अब धीमी आंच पर इसमें खोया, चीनी, इलाइची पाउडर, काजू, चिरौंजी और पिस्ता डाल दें। ध्यान रखें इस दलिया और दूध के मिश्रण में खोया दूध सूखने के बाद ही डालें, नहीं तो इसका स्वाद फीका रह सकता है।

अब 15 मिनट तक इसे कलछी से चलाते हुए सभी सामग्री को अच्छे से मिक्स करें और गैस बंद कर दें। एक सपाट बर्तन में घी लगाकर इस मिश्रण को फैलाएं। जब यह मिश्रण ठंडा हो जाए तब इसे बर्फी के आकार में या अपने मनचाहे आकार में काट लें। ऊपर से बारीक़ पिस्ता की कतरन डाल दें। आप चाहें तो एयरटाइट डिब्बे में दलिया बर्फी को एक हफ्ते तक स्टोर कर सकती हैं।

## शब्द सामर्थ्य-43

**बाएं से दाएं :**
1. अनुचित, असत्य, जो ठीक न हो 3. बेवजह, बिनाकारण, व्यर्थ 4. हल्कीनींद, चकमा, धोखा 6. शक्कर पानी आदि का मीठा घोल 10. सोते से उठाना, सावधान करना, प्रदीप्त करना 11. चरमसीमा, सीमांत 14. पानी, आंसू 15. बैठा हुआ, विराजित 16. नृत्य 17. मृतप्राय, मृत्यु के करीब 19. जल, अम्बु 22. उपहार, भेंट 23. खबर, संदेश।

**ऊपर से नीचे**
1. गणपतिजी, 2. मांगनेवाला, पाने की इच्छा करने वाला 3. मिट्टी के रंग का, मटमैला 5. चला आता हुआ क्रम प्रथा, प्रणाली, रीति-रीवाज, 7. निशाचर, रात में विचरण करने वाला 8. पेड़ का धड़ा जहां से शाखाएं निकलती है, 9. मिठाई, खाने की मीठी चीज 12. शासन, गुप्तबात 13. श्रद्धा, स्त्री, जयशंकर प्रसाद द्वारा रचित प्रसिद्ध महाकाव्य 15. विपत्तिग्रस्त, दुखी, अभागा 16. प्रसिद्ध, नामवर 18. स्वप्न, ख्वाब 20. करीब, नज़दीक, समीप 21. सुबह, प्रातः, सबेरा।



**शब्द सामर्थ्य क्रमांक 42 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| अ | भि | षे | क | | प | स | | |
| जा | त | | थ | प | थ | पा | ना | |
| य | र | का | नी | | भ्र | | र | श्मि |
| ब | घा | र | | क | ष्ट | प्र | द | |
| | त | ना | त | नी | | र्व | | ब |
| अ | | मा | | ज | मा | त | | ल |
| स | जा | | | | | क | ज | रा |
| बा | | बे | स | हा | रा | | ग | म |
| ब | गु | ला | | रा | ज | दू | त | |

## सू-दोकू-43

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 8 | | | | 1 | | 5 | |
| 6 | | | 8 | | | 2 | | 3 |
| | 3 | | | | 2 | | 1 | |
| | | 3 | | 9 | | 5 | | 4 |
| 5 | | | 3 | | | | 9 | |
| | | 4 | | 2 | | | | 6 |
| 4 | | | 2 | | 3 | | 6 | |
| | | 6 | | | | 8 | | 7 |
| | 2 | 9 | 7 | | 6 | | | |

**नियम**
1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें 9वर्गों का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक भर सकते है।
3. बाएं से दाएं और उपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

**सू-दोकू क्र 42 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 3 | 9 | 7 | 4 | 8 | 6 | 2 | 1 |
| 2 | 1 | 6 | 5 | 9 | 3 | 4 | 7 | 6 |
| 4 | 7 | 8 | 1 | 6 | 2 | 3 | 5 | 9 |
| 3 | 6 | 1 | 8 | 5 | 9 | 2 | 4 | 7 |
| 8 | 5 | 2 | 3 | 7 | 4 | 1 | 9 | 6 |
| 7 | 9 | 4 | 2 | 1 | 6 | 8 | 3 | 5 |
| 6 | 4 | 7 | 9 | 2 | 1 | 5 | 6 | 3 |
| 1 | 8 | 5 | 4 | 3 | 7 | 9 | 6 | 2 |
| 9 | 2 | 3 | 6 | 8 | 5 | 7 | 1 | 4 |

## आज का राशिफल

मेषः नौकरी या व्यवसाय में कुछ अप्रत्याशित समय का सामना करना पड़ सकता है। किसी विशेष कार्य में विफलता से मन में खिन्नता रह सकती है।

वृषभः परिस्थितियां आपको हाथ से निकलती लगेगी लेकिन सबकुछ आपके अनुकूल हो जाएगा। मांगलिक आयोजनों में भाग लेंगे।

मिथुनः आप नई चीजों को लेकर अपने आपको उत्साहित नहीं कर पाएंगे। शीघ्र ही आपको की गई गलती का अहसास होने लगेगा।

कर्कः व्यापारिक कार्यों में प्रतिकूलता देखने को मिलेगी। आप महत्वपूर्ण परियोजनाओं की शुरुआत कर सकते हैं। साझेदारी में सावधान रहें।

सिंहः आपका कार्य कौशल देखने लायक होगा। नई-नई योजनाओं के क्रियान्वन पर ध्यान केंद्रित रहेंगा। बेहतर निवेश के लिए तुरंत कदम उठाएं।

कन्याः आपकी ऊर्जा, करिश्मा, प्रभावशीलता इस समय शीर्ष स्तर पर बने हुए हैं। उदर विकार, पित्त विकार या ब्लड प्रेशर परेशान हो सकते हैं।

तुलाः स्वास्थ्य संबंधी कुछ परेशानी हो सकती है। निरंतर भागदौड़ की स्थितियां बार-बार आएंगी। आध्यात्मिक बने रहना आपके लिए लाभदायक रहेगा।

वृश्चिकः आप उर्जा से भरे रहेंगे और कुछ नए कदम साहसिक कदम उठाएंगे। आपकी लोकप्रियता में वृद्धि होगी।

धनुः आप आत्मसुधार और विकास पर कुछ धन खर्च कर सकते हैं। जीवनसाथी से संबंधों में कटुता आएगी, जिस कारण मन परेशान हो सकता है।

मकरः इस समय मकान और जमीन के सौंदों से अच्छे मुनाफे की संभावना दिखाई दे रही है। व्यवसाय या नौकरी दोनो ही क्षेत्र में उन्नति के द्वार खुलेंगे।

कुंभः आप कामकाज को अत्यंत युक्ति संगत व सुचारु करेंगे। कुछ सामाजिक या धार्मिक सेवा के कार्य भी किए जा सकते हैं।

मीनः घर, गृहस्थी, दाम्पत्य से संबंधित मामलों का तनाव भी ठीक होगा। नवीन कार्यों में मित्र वर्ग से वांछित सहयोग मिलेगा।